मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-62
19/02/2022

मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ पत्रकार रवीश तिवारी के असामयिक निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 19 फरवरी 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने वरिष्ठ पत्रकार एवं द इंडियन एक्सप्रेस के नेशनल ब्यूरो चीफ रवीश तिवारी के असामयिक निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा है कि रवीश तिवारी ने देश में पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनायी। उन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया है। वे विनम्र एवं गहरी समझ रखने वाले पत्रकार थे। उनके निधन से पत्रकारिता जगत में अपूरणीय क्षति हुई है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******